भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा एआई केंद्र

सरकार का लक्ष्य – एआई से रोजगार, कौशल और नवाचार को बढ़ावा देना

सीतारमण बोलीं – 2047 तक विकसित भारत के विजन में एआई बनेगा इंजन

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर. भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत हो चुकी है. अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने भारत में अपने अब तक के सबसे बड़े निवेश की घोषणा करते हुए 1.33 लाख करोड़ रुपये (लगभग 15 अरब डॉलर) लगाने का ऐलान किया है.

यह निवेश आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में बनने वाले दुनिया के सबसे बड़े गीगावाट स्तर के एआई केंद्र में किया जाएगा.दिल्ली में आयोजित मेगा कार्यक्रम भारत एआई शक्ति में इस परियोजना की औपचारिक घोषणा की गई. मंच पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश मौजूद रहे. इस कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि भारत अब एआई को केवल तकनीक नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक शक्ति के रूप में देख रहा है.

भारत में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा एआई ढांचा– गूगल क्लाउड के प्रमुख थॉमस कुरियन ने कहा कि कंपनी पिछले 21 वर्षों से भारत में काम कर रही है और अब भारत को एआई नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि अमेरिका के बाद गूगल का यह सबसे बड़ा एआई केंद्र होगा, जिसमें गीगावाट स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता, अंतरराष्ट्रीय समुद्री केबल संपर्क और ऊर्जा ढांचे की अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी.कुरियन ने कहा, भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर एआई नवाचार का निर्माता बन रहा है.

सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री से की चर्चा

गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विशाखापट्टनम में बनने वाले एआई केंद्र की जानकारी साझा की. उन्होंने कहा, यह केंद्र भारत में एआई आधारित अनुसंधान, उद्योगों और नवाचार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा. गूगल की यह पहल भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग का वैश्विक केंद्र बनाएगी.



भारतीय पर्यटक अब जापान में भी करेंगे यूपीआई से भुगतान

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर. भारतीय यात्रियों के लिए अब जापान में भी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस से भुगतान करना संभव हो सकेगा.

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की अंतरराष्ट्रीय शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने जापान की प्रमुख आईटी और बिजनेस सर्विस कंपनी एनटीटी डेटा जापान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.इस समझौते के तहत दोनों संस्थान जापान में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को शुरू करने की दिशा में काम करेंगे, जिससे भारतीय पर्यटकों को खरीदारी और अन्य लेनदेन में सुविधाजनक और त्वरित भुगतान अनुभव मिलेगा. एनटीटी डेटा जापान देश के सबसे बड़े कार्ड पेमेंट नेटवर्क कैफिस का संचालन करती है, जो पूरे जापान में बैंकों, व्यापारियों और एटीएम नेटवर्क को जोड़ने वाला प्रमुख भुगतान प्लेटफॉर्म है. एनआईपीएल और एनटीटी डेटा जापान के बीच हुई इस साझेदारी के तहत, दोनों कंपनियां जापान भर में एनटीटी डेटा से जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर यूपीआई स्वीकार्यता को सक्षम बनाने के लिए काम करेंगी.

मुद्रास्फीति नियंत्रण की ओर भारत

वित्त वर्ष 2026 के लिए औसत मुद्रास्फीति 2.2% रहने की उम्मीद

खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों में आई बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश में महंगाई (मुद्रास्फीति) के मोर्चे पर जल्द ही और बड़ी राहत मिलने की संभावना है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मुद्रास्फीति का आंकड़ा अगले महीने लगभग 0.45 प्रतिशत और कम होने की संभावना है, जो रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के लिए निर्णायक कार्रवाई करने का एक मजबूत आधार प्रदान करता है.

एसबीआई ने उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 2026 के लिए औसत सीपीआई मुद्रास्फीति अब 2.2 प्रतिशत रहेगी, जो आरबीआई के 2.6 प्रतिशत के अनुमान से काफी कम है.

आरबीआई को चेतावनी-बाजार के शोरगुल पर ध्यान न दें– एसबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने केंद्रीय बैंक को स्पष्ट रूप से चेताया है. घोष ने कहा कि, मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण के अपने प्राथमिक दायित्व के साथ, अगर आरबीआई एमपीसी बाजार के शोरगुल पर ही केंद्रित रहती है, जबकि मुद्रास्फीति में गिरावट बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, तो केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से चूकने का जोखिम है. रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि आरबीआई एमपीसी को इस खास समय में बदलते रुख की ओर ध्यान देना चाहिए.

99 महीने के निचले स्तर पर महंगाई

आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों में बड़ी गिरावट के कारण सितंबर में भारत की सीपीआई मुद्रास्फीति 99 महीने के निचले स्तर 1.54 प्रतिशत पर आ गई थी. मुद्रास्फीति में यह गिरावट मुख्य रूप से खाद्य समूह के कारण हुई है. सब्जियों की कीमतें नकारात्मक दायरे में बनी रहीं, जबकि दालों और मसालों में भी सितंबर 2025 में गिरावट दर्ज की गई. रिपोर्ट में एक महत्वपूर्ण बिंदु रेखांकित किया गया है कि सितंबर 2025 तक लगातार 11 महीनों तक खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई, जो वर्तमान सीपीआई सीरीज में परिमाण और अवधि दोनों के संदर्भ में सबसे बड़ी है.

अनंत गोयंका बने फिक्की के नए अध्यक्ष

श्रीनगर, 14 अक्टूबर. आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत गोयंका उद्योग मंडल फिक्की के अगले अध्यक्ष होंगे. फिक्की की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में मंगलवार को वर्ष 2025-26 के लिए चयनित अध्यक्ष के रूप में श्री गोयंका के नाम की घोषणा की गयी. वह 28 और 29 नवंबर को दिल्ली में होने वाली संगठन की 98वीं आम सभा में पदभार ग्रहण करेंगे. गोयंका मौजूदा अध्यक्ष हर्ष वर्धन अग्रवाल का स्थान लेंगे. वह इस समय फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं. गोयंका 2012 से 2023 तक टायर बनाने वाली कंपनी सिएट के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहे हैं.

2030 तक 345 अरब डॉलर का होगा भारत का ई-कॉमर्स बाजार

9% वार्षिक दर से बढ़ेगा ई-कॉमर्स सेक्टर

टियर-3 शहरों से आ रहे 60% नए खरीदार

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर. भारत का ई-कॉमर्स बाजार तेज़ी से बढ़ रहा है और वित्त वर्ष 2030 तक इसके 145 अरब डॉलर से बढ़कर 345 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है. यह वृद्धि 19 प्रतिशत की वार्षिक औसत दर से होगी. यह जानकारी रुबिक्स की एक नई रिपोर्ट में दी गई है.

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ता शहरीकरण, उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव और डिजिटल भुगतान का बढ़ता उपयोग इस क्षेत्र की वृद्धि के प्रमुख कारण हैं. भारत 2024 में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा खुदरा बाजार बन चुका है, जो इसे वैश्विक खुदरा शक्ति के रूप में स्थापित करता है. वित्त वर्ष 2025 में देश के ई-कॉमर्स सेक्टर का ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू14 अरब डॉलर दर्ज किया गया, जो साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है. हालांकि, ई-कॉमर्स का कुल खुदरा बिक्री में हिस्सा अभी भी सिर्फ 7 से 9 प्रतिशत है, जिससे इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं.

लंबी कतारों से मिलेगा छुटकारा

जियो पेमेंट्स बैंक करेगा एडवांस इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम

मुंबई, 14 अक्टूबर.जियो पेमेंट्स बैंक को फ़ास्टैग ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन पर आधारित मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोल कलेक्शन सिस्टम को लागू करने के लिए दो टोल प्लाज़ा का कॉन्ट्रैक्ट मिला है.

जियो पेमेंट्स बैंक, एक डिजिटल-फर्स्ट पेमेंट्स बैंक है और जियो फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड की सहायक कंपनी है. इसे गुरुग्राम - जयपुर के बीच शाहजहांपुर और मनोहरपुरा में प्रबंधन के लिए दो टोल प्लाज़ा मिले हैं . मल्टीलेन, फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम, टोल वसूल करने का एक तरीका है जिसमें वाहन की पहचान कर उसे क्लासिफ़ाई करना और टोल चार्ज करना शामिल है.

इस नई व्यवस्था में टोल प्लाज़ा पर गाड़ियों को रोकने, धीरे करने या किसी तय लेन में जाने की ज़रूरत नहीं पड़ती. वाहनों से टोल चार्ज करने के लिए रेडियो फ़्रीक्वेंसी की पहचान, एएनपीआर, डेडिकेटेड शॉर्ट रेंज कम्युनिकेशन और ग्लोबल नैविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का इस्तेमाल किया जाता है. इस तकनीक के इस्तेमाल से वाहनों को टोल प्लाज़ा पर रुकना नहीं पड़ेगा और यातायात सुचारु रूप से चलता रहेगा.

इन दोनों प्लाज़ा के अनुबंध भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड द्वारा लाए गए टेंडर के अंतर्गत किए गए हैं. जियो पेमेंट्स बैंक, पहले से ही देशभर के राजमार्गों पर 11 टोल प्लाज़ा का काम संभाल रहा है.

> जियो पेमेंट्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ विनोद ईश्वरन ने कहा, हमारा मिशन हर पेमेंट को डिजिटल बनाना, ढांचागत सुविधाओं को देश के कोने-कोने में पहुंचाना और देश के नागरिकों को बेहतर फाइनेंशियल सर्विस देना है. हम मोबिलिटी की क्षमता को लगातार बढ़ा रहे हैं ताकि टोल वसूल करने का काम बेहतर तरीके से किया जा सके.

साझा मानकों से बनेगा बेहतर विश्व : जोशी

विश्व मानक दिवस की थीम–'एक बेहतर विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण'

बीआईएस समारोह में जारी हुआ नेशनल लाइटिंग कोड ऑफ इंडिया

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर. केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विश्व मानक दिवस 2025 के अवसर पर कहा कि हमें एक ऐसे विश्व के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जहां साझा मानक नवाचार, विश्वास और सतत विकास को बढ़ावा दें.

जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि स्टैंडर्ड्स, सिस्टम और सर्विसेज में गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं. इस विश्व मानक दिवस पर, हमें एक ऐसे विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी चाहिए, जहां साझा मानक सभी के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें.

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी करेंगे, जबकि राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे. यह आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग फॉर स्टैंडर्डाइजेशन में किया जाएगा.कार्यक्रम के दौरान नेशनल लाइटिंग कोड ऑफ इंडिया 2025 जारी किया जाएगा. साथ ही लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और बीआईएस मानक पोर्टल का ऑनलाइन स्टैंडर्ड्स डेवलपमेंट मॉड्यूल भी लॉन्च किया जाएगा.

लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, 14 अक्टूबर (वार्ता) अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव के मद्देनजर मंगलवार को भारत समेत दुनिया के सभी देशों में शेयर बाजारों में गिरावट रही. 250 अंक की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स अंत में 297.07 अंक लुढ़ककर 82,029.98 अंक पर बंद हुआ. सूचकांक में 800 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी पिछले दिवस के मुकाबले 81.85 अंक यानी 0.32 प्रतिशत नीचे अंक पर बंद हुआ.

रिकॉर्ड ऊंचाई पर सोना-चांदी

सोना 1.25 लाख के पार, चांदी 1.76 लाख प्रति किलो

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर. सोने-चांदी के बाजार में फिर से गर्मी लौट आई है. निवेशक जहां वैश्विक तनाव और डॉलर की कमजोरी के चलते सोने में भरोसा जता रहे हैं, वहीं घरेलू बाजार में रेट लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं.

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना 1,25,682 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया, जो अब तक का नया रिकॉर्ड है. वहीं, चांदी 1,76,175 प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर भी सोने के वायदा भाव 1.84 प्रतिशत उछलकर 1,26,930 प्रति 10 ग्राम पर और चांदी 1,62,700 प्रति किलो पर जा पहुंची. विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव और डॉलर इंडेक्स की गिरावट ने सोने को सुरक्षित निवेश का प्रमुख विकल्प बना दिया है.

समाचार विशेष

जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का दांव

श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर में राजयसभा की सीटों को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के शीर्ष नेतृत्व द्वारा फैसला लिया जाएगा. कांग्रेस नेता और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि दोनों पार्टियों को उनके हिस्से की सीटें मिलेंगी. मीर ने कहा कि हमारा व नेकां का गठबंधन है. इससे कोई इंकार नहीं कर सकता.

राजयसभा सीटों पर नेकां के साथ

हमने चुनाव मिल कर लड़ा, सीटों पर तालमेल बिठाया. हमारे समर्थन से नेकां की सरकार चल रही है. हम मंत्रिमंडल का हिस्सा नहीं बने क्योंकि लोगों की इच्छा में प्राथमिकता जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा हासिल करने को लेकर था. हम इस पर संघर्ष कर रहे हैं. हमारा अंदाजा सही निकला. मुख्यमंत्री रो रहा है, मंत्री रो रहे है, हमने उस समय एहतियात बरती.

अनंतनाग जिले के दोरू में पत्रकारों से बातचीत में मीर ने कहा कि कांग्रेस और नेकां का गठबंधन मजबूत है और दोनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ा है. मीर ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व फैसला करेगा, जिससे दोनों पार्टियों को उनका उचित हिस्सा मिलेगा. मीर ने कहा कि पार्टी की प्राथमिकता जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने की है. उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर काम कर रही है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही इस पर फैसला होगा. मीर ने कहा कि इस साल दो बड़ी घटनाएं हुई है. अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमला हो गया. उसके बाद भारी बारिश व बाढ़ आ गई. आने वाले विधानसभा के सत्र में हम बाढ़ से हुए नुकसान अपने इलाके की बात सरकार के साथ रखेंगे. हम चाहते है कि बाढ़ व बारिश से हुए नुकसान के लिए लोगों की भरपाई हो, लोगों की मुश्किलों का समाधान होगा.

राज्यसभा चुनाव पर पार्टी का रुख

मीर ने कहा कि राजयसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व फैसला करेगा. नेकां को अपना जायज हक मिलेगा और कांग्रेस को अपना हक मिलेगा. हम दोनों पार्टियां मिलजुल कर तीन सीटों को जीतेंगे और चौथी सीटों को जीतने की भी कोशिश करेंगे. मीर ने कहा कि पार्टी बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों की समस्याएं विधानसभा सत्र में उठाएगी. उन्होंने कहा कि पार्टी लोगों को उचित मुआवजा दिलाने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेगी. कांग्रेस नेता के बयान से पहले, जम्मू-कश्मीर की राजनीति में कई महत्वपूर्ण घटनाएं हुई हैं. आगामी विधानसभा सत्र में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है, जिनमें राज्य का दर्जा और बाढ़ राहत उपाय शामिल हैं.

आग से न खेले भाजपा

कोलकाता. पश्चिम बंगाल में आगामी 2026 विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर राजनीतिक संघर्ष पहले ही तेज हो गया है. राज्य में उप-निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी बैठकें कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर के खिलाफ जोरदार विरोध शुरू कर दिया है और मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल को निशाना बनाते हुए चेतावनी दी है कि जल्द ही बड़े पैमाने पर आंदोलन हो सकता है. ममता ने आरोप लगाया कि एसआईआर केवल बहाना है, असली मकसद एनआरसी लागू करना है. उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया जनता और राज्य सरकार को शामिल किए बिना सिर्फ कुछ अधिकारियों के लिए बैठकें आयोजित करने की कोशिश है. ममता ने एसआईआर को 'धोखाधड़ी' बताते हुए दावा किया कि इसके माध्यम से 'असली वोटरों को हटाने की साजिश' की जा रही है.

कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत **IIFL** होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (**IIFL-HFL**) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन **IIFL HFL** द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय **"IIFL HFL"** की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां **"IIFL HFL"** द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए **"IIFL HFL"** द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री वीरेंद्र पंड्या श्रीमती प्रिया पंड्या वीरेंद्र पांडिया प्रॉस्पेक्ट नं. IL10223007	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिस पर प्लॉट संख्या 350 का उत्तरी भाग, ब्लॉक-ए, श्री हाटकेश्वर विहार, दाउदखेड़ी, उज्जैन, मध्य प्रदेश, 456001 -भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकार: भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल: 380.00, 304.00, 380.00	रु. 1091143/- (दस लाख इनक्यानवे हजार एक सौ तिरतालीस मात्र)	27-06-2025	10-10-2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय: 102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेसकोर्स रोड, इंदौर-452001, म.प्र. या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट संख्या 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 15.10.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)]
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 21.09.2022 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकताओं और गारंटर 1. सुंदर लाल, 2. सीमा बाई को उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर दिनांक 20.09.2022 तक नोटिस में उल्लिखित राशि 2,97,522.70/- रुपये (दो लाख सत्तानवे हजार पांच सौ बाईस और सत्तर पैसे मात्र) चुकाने का आह्वान किया।

उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आज 8 अक्टूबर 2025 को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकताओं और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से किसी भी प्रकार का लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) द्वारा 2,97,522.70 रुपये (दो लाख सत्तानवे हजार पांच सौ बाईस और सत्तर पैसे मात्र) की राशि और उस पर ब्याज के भार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

बंधक संपत्ति का विवरण

मकान क्रमांक 53, सर्वे क्रमांक 584, वार्ड क्रमांक 02 फोन क्रमांक 43 का वह पूरा टुकड़ा, जो ग्राम: नयाखेड़ी, तहसील और जिला: आगर (म.प्र.) में स्थित है, कुल क्षेत्रफल 720 वर्ग फीट, और इसकी सीमा इस प्रकार है: पूर्व: करण सिंह की भूमि, पश्चिम: स्वयं की भूमि और रास्ता, उत्तर: शांतिलाल यादव का मकान, दक्षिण: बद्रीलाल की भूमि

दिनांक: 08-10-2025
स्थान: मध्यप्रदेश
ऋण खाता संख्या: 44977599

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला-खण्डवा
विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक शाखा खण्डवा ने उनके अधिवक्ता श्री नफीस कुरैशी** के माध्यम से दिनांक 25.07.2025 को Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act 2002 के तहत **ऋणी मेसर्स शुभम फुड प्रोडक्ट्स प्रोप्रायटर श्री संजय कुमार आहुजा पिता अयालदास आहुजा निवासी मकान नं. 60 सिंधी कॉलोनी खण्डवा तहसील खण्डवा से बंधक संपत्ति तहसील खण्डवा स्थित खण्डवा तरफ कुन्बी भूखण्ड एवं उस पर निर्मित भवन खसरा नं. 327/2 एवं 327/3 डायवर्टेड शीट नं. 08 प्लाट नं. 35 पुराना प्लाट नं. 35/2 क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट वार्ड नं. 34 हरिजन गली नं. 02 सिंघाड तलाई, खण्डवा तहसील खण्डवा जिला खण्डवा** जो कि **श्री संजय कुमार आहुजा पिता अयालदास आहुजा** के नाम से है का आधिपत्य दिलवाने हेतु एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत अनुरोध किया है।

2- इस विज्ञप्ति के माध्यम से **ऋणी मेसर्स शुभम फुड प्रोडक्ट्स प्रोप्रायटर श्री संजय कुमार आहुजा पिता अयालदास आहुजा निवासी मकान नं. 60 सिंधी कॉलोनी खण्डवा तहसील खण्डवा** को सूचित किया जाता है कि वह कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, खण्डवा के न्यायालय में प्रकरण में नियत तिथि **16.10.2025** को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अनिवार्य रुप से उपस्थित होवें। अनावेदक/बकायादार की अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में निर्णय लिया जावेगा।

खण्डवा, दिनांक: 29.09.2025

(ऋषभ गुप्ता)
जिला दण्डाधिकारी,
जिला खण्डवा

M.P. RAJYA SAHAKARI BANK MYDT.
T.T. Nagar, Bhopal, Tel. : 0755-3545723-24

NOTICE INVITING E-TENDER

Online percentage rate tenders are invited on prescribed forms on MP PWD SOR w.e.f. 2024 from the registered contractors/firms who have adequate experience in appropriate works registered in P.W.D./CPWD in appropriate class. The details of work as following :-

S. No.	Name of Work	P. A. of Contract	Amount of E.M. Deposit Rs.	Cost of Tender Form with GST	Stipulated Period of Completion	Date & Time of Receipt of Tender
1	Tender Document for Maintenance and Complete Renovation Work of Toilet of Apex Bank Training College, P&T Chouraha, 04, Kotra Sultanabad, Bhopal (M.P.)	Rs. 68.51 Lakh	Rs. 2.00 Lakh	Rs. 5900.00	04 Months i/c Rainy Season	05.11.2025 upto 05.00 pm

(1) Eligible tenderers can purchase the Tender documents on payment of requisite amount through online from 16.10.2025 to 05.11.2025 during office hours i.e. 10.30 a.m. to 02.30 p.m. from website **http://www.mptenders.gov.in** (2) The details of N.I.T. can be viewed on our website **www.apexbankmp.in** (3) Any amendments shall be updated on bank website only.

M.P. Madhyam/122528/2025

INCHARGE MANAGING DIRECTOR